भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1754

दिनांक 10 फरवरी, 2026

कृषि शिक्षा को बढ़ावा देना

1754. श्री मनोज कुमारः

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश में कृषि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए कोई नीति/योजना/कार्यक्रम कार्यान्वित कर रही है;

(ख) यदि हां, तो विगत पांच वर्षों के दौरान जारी की गई निधियों और लाभार्थी छात्रों, केन्द्रीय, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों और संस्थानों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि आरपीसीएयू, पूसा, बिहार में बी.टेक खाद्य प्रौद्योगिकी कार्यक्रम के छात्रों को इसके कारण केन्द्र और राज्य सरकारों से कोई छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है और इससे विशेष रूप से गरीब और कमजोर वर्ग के छात्रों को काफी परेशानी हो रही है; और

(घ) यदि हां, तो क्या केन्द्र सरकार और आरपीसीएयू पूसा प्राधिकरण बी.टेक खाद्य प्रौद्योगिकी के छात्रों को पहले सेमेस्टर से उनके बकाये के साथ-साथ छात्रवृत्ति प्रदान करने का इरादा रखती हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और छात्रों को कब तक छात्रवृत्ति मिल जाएगी और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री
(श्री भागीरथ चौधरी)

(क) : जी, हां। उच्च कृषि शिक्षा में विद्यार्थियों को आकर्षित करने के लिए तथा कृषि एवं संबद्ध विज्ञान विषयों के क्षेत्र में शिक्षण एवं अनुसंधान में उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त करने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) अनेक छात्रवृत्तियां प्रदान करता है जो इस प्रकार हैं:

1. आईसीएआर- राष्ट्रीय प्रतिभा छात्रवृत्ति (NTS-UG)
2. आईसीएआर- राष्ट्रीय प्रतिभा छात्रवृत्ति (NTS-PG)

3. आईसीएआर- स्नातकोत्तर छात्रवृत्ति (ICAR-PGS)
4. आईसीएआर- कनिष्ठ अनुसंधान अध्यावृत्ति (JRF)/ वरिष्ठ अनुसंधान अध्यावृत्ति (SRF)
5. मेरिट-कम-मीन्स (MCM) छात्रवृत्ति

(ख) : विगत पांच वर्षों में केन्द्रीय/राज्य कृषि विश्वविद्यालयों तथा देश के संस्थानों के विद्यार्थियों को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा प्रदान की गई अध्यावृत्तियों/ छात्रवृत्तियों का विवरण निम्नानुसार है:

क्र सं.	स्कीम का नाम	2021-22		2022-23		2023-24		2024-25			2025-26
		कुल लाभार्थी	वितरित की गई कुल राशि (रू. लाख में)	कुल लाभार्थी	वितरित की गई कुल राशि (रू. लाख में)	कुल लाभार्थी	वितरित की गई कुल राशि (रू. लाख में)	कुल लाभार्थी	वितरित की गई कुल राशि (रू. लाख में)	कुल लाभार्थी	वितरित की गई कुल राशि (रू. लाख में)
1.	NTS-UG	6539	1746.87	6734	1892.83	10034	2468.01	8549	2665.35	9162	3413.94
2.	NTS-PG	3683	1237.47	3543	1337.41	3428	1231.64	5369	2105.91	3877	2028.70
3.	ICAR-PGS	1733	1485.91	1690	1656.21	1613	1579.48	1557	1717.59	1179	1638.74
4.	ICAR-JRF/SRF	1123	2673.20	1131	2641.96	1157	3100.63	1039	2978.89	1159	3025.63
5.	MCM	287	29.79	333	37.88	439	37.96	471	42.75	450	58.36

(ग) : डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय (RPCAU), पूसा बिहार में बी.टेक खाद्य प्रौद्योगिकी में नामित छात्र ICAR तथा स्टूडेंट रेडी प्रोग्राम से राष्ट्रीय प्रतिभा छात्रवृत्ति (NTS) के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त कर रहें हैं जो पात्रता एवं निर्धारित शर्तों के पूरा किए जाने के अधीन हैं।

इसके अलावा, बिहार के निवासी SC/ST/OBC से संबंध रखने वाले विद्यार्थियों को पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप प्रदान की जा रही है।

(घ) : प्रश्न ही नहीं उठता है।

******